9A23NL7

# संकलित परीक्षा - II (2016-17)
## हिन्दी 'ब'
## कक्षा - X

निर्धारित समय : 3 घण्टे — अधिकतम अंक : 90

निर्देश :

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं - **क, ख, ग** और **घ।**

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

### खण्ड-क ( अपठित बोध )

1 **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (2x6=12)** 12

सही नेता वही होता है, जो दृढप्रतिज्ञ हो, निश्चयवान् हो। कन्फ्यूशियस ने कहा है, "जो ठोक मार्ग पर दृढ़निश्चय से चले, वही नेता होता है। केवल दृढ़ निश्चय होना ही पर्याप्त नहीं, मार्ग का औचित्य भी परमावश्यक होता है।" ढ़ीलाढाला कोमल स्वभाव, सज्जन व्यक्ति नेता नहीं बन सकता। अब्राहम लिंकन सदा ही जोर देकर यह कहा करता था कि नेता के लिए 'दृढ़ता' एक अनिवार्य गुण है। सन् 1863 में नेता के बारे में उसने अपने भाषण के दौरान कहा था, "वह किसी से द्वेष न करता हो, सबके प्रति दया भाव रखता हो, सही मार्ग पर स्थिर और अटल हो।"

नेतृत्व के अनिवार्य गुणों का अनुसंधान करते हुए मनोवैज्ञानिक इस परिणाम पर पहुँचे हैं कि प्रभावशाली नेता वही हो सकता है जो 'नहीं' कह सके-जिसमें इतना साहस हो कि जब वह 'नहीं' कहना चाहता हो तो स्पष्ट नहीं कह सके। एक सुसंगठित व्यक्तित्व की यह पहचान है कि वह स्पष्ट 'नहीं' कहना जानता है। बहुत लोग 'नहीं' कहना जानते ही नहीं, क्योंकि वे इतने लोगों को निराश रखने का साहस नहीं रखते। परंतु अनुसंधानकर्ताओं को इस तथ्य का ज्ञान हुआ है कि वह एक भ्रम है। 'नहीं' कहने वाले उतने लोगों को असंतुष्ट या नाराज नहीं करता जितना वह जो हर एक को 'हाँ', 'हाँ' करता है, परंतु काम किसी का भी नहीं करता।

त्वरित निश्चय की शक्ति, अपना रोब-दाव जमाने की ताकत, नियम और क्रम की व्यवस्था, अनुयायियों को प्रेरित करने की कला, चुंबकीय आकर्षण-ये हैं मुख्यगुण, जिनसे व्यक्ति सही अर्थों में नेता बन जाता है।

(1) वे मुख्यगुण कौन-कौनसे हैं जिनसे व्यक्ति सही अर्थों में नेता बनता है?

(2) मनोवैज्ञानिकों के अनुसार प्रभावशाली नेता कौन हो सकता है और क्यों?

(3) कन्फ्यूशियस के अनुसार नेता का क्या लक्षण है?

(4) 'नहीं' कहने वाला उतने लोगों को नाराज नहीं करता जितना 'हाँ' कहने वाला-स्पष्ट कीजिए।

(5) सुसंगठित व्यक्तित्व की क्या पहचान है?

(6) 'परमावश्यक' तथा 'सज्जन' का संधि विच्छेद कीजिए

2 **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2x4=8** 8

चरमर चरमर चूँ चरर-मरर जा रही चली भैंसागाड़ी।
गति के पागलपन से प्रेरित चलती रहती संसृति महान्,
सागर पर चलते हैं जहाज, अम्बर पर चलते वायुयान
भूतल के कोने-कोने में रेलों-ट्रामों का जाल बिछा,

हैं दौड़ रही मोटरें-बसें लेकर मानव का बृहत् ज्ञान।

पर इस प्रदेश में जहाँ नहीं उच्छ्वास, भावनाएँ, चाहें,
वे भूखे, अधखाए किसान भर रहे जहाँ सूनी आहें
नंगे बच्चे, चिथड़े पहने माताएँ जर्जर डोल रहीं
है जहाँ विवशता नृत्य कर रही धूल उड़ाती हैं राहें,

बीते युग की परछाईं-सी बीते युग का इतिहास लिये,
वे निपट घिनौने महापतित बौने-कुरूप, टेढ़े मेढ़े।

उसका कुटुम्ब था भरा-पुरा आहों से, हाहाकारों से !
फ़ाकों से, लड़-लड़कर प्रतिदिन, घुट-घुटकर अत्याचारों से,

तैयार किया था उसने ही अपना छोटा-सा एक खेत !

(1) कवि ने दो परिवेशों की किन बातों का वर्णन किया है?
(2) किसानों के वर्णन में कवि ने क्या कहा है?
(3) किसान के कुटुम्ब की किस स्थिति का उल्लेख है?
(4) मानव के बृहत् ज्ञान से किन चीजों का आविष्कार हुआ?

## खण्ड-ख ( व्यावहारिक व्याकरण )

3 निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -1x3=3 3

(क) मिश्र वाक्य में बदलिए-
वह बीमार था इसलिए डाक्टर के पास गया।

(ख) संयुक्त वाक्य में बदलिए -
दसवीं में पढ़ने वाला राम बहुत मेधावी है।

(ग) रचना के आधार पर वाक्य का-भेद बताइए -
उसने कपड़े धोकर सुखा दिए।

4 निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : (1x4=4) 4

(i) राधा तुम्हारे से नहीं डरती।
(ii) सुलेखा की आँखों से आँसू बह रहा है।
(iii) हमने कल देहरादून जाना है।
(iv) मैं आपको जानता हूँ तुम इसी शहर में रहते हो।

5 (क) 'राजा और रंक' किस समास का उदाहरण है? (1x4=4) 4
(ख) बहुव्रीहि समास में कौन-सा पद प्रधान होता है?
(ग) 'नीलकंठ' का समास विग्रह कीजिए।
(घ) 'जीवन भर' का सामासिक पद बनाइये।

6 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्या है पद या शब्द? (1x2=2) 2
(1) मीरा <u>धीरे</u> चल रही है।
(2) "<u>मैं</u>" को शब्द कहेंगे या और कुछ बताइए।

7 (क) 'चौकन्ना हो जाना' का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। (1x2=2) 2
(ख) उचित मुहावरे से रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए -
तुम अगर गड़े ---------- तो बात बढ़ जाएगी (पुरानी बातें कुरेदना)

## खण्ड-ग ( पाठ्य-पुस्तक )

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2+2+1)**

8a व्यवहारवादी लोगों की क्या-क्या विशेषताएँ होती हैं? 'गिन्नी का सोना' प्रसंग के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 2

8b रॉबिन हुड कौन था और क्यों प्रसिद्ध था? 'कारतूस' पाठ के आधार पर बताइए। 2

8c इंस्पैक्टर ओचुमेलॉव ने येल्दीरीन को क्या आदेश दिया? 1

9 'नेचर की सहनशक्ति की एक सीमा होती है' इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए? 5

10 **निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (2+2+1)** 5

"मेरे खयाल से यह जनरल झिगालॉव का है," भीड़ से एक आवाज़ उभरकर आई।

"जनरल झिगालॉव ! हूँ येल्दीरीन, मेरा कोट उतरवाने में मेरी मदद करो... ओफ़्फ़ ! आज कितनी गरमी है। लग रहा है बारिश होकर रहेगी," वह ख्यूक्रिन की तरफ़ मुड़ा — "एक बात मेरी समझ में नहीं आती-आखिर इसने तुम्हें कैसे काट खाया? यह तुम्हारी उँगली तक पहुँचा कैसे ? तू इतना लंबा-तगड़ा आदमी और यह रत्ती भर का जानवर ! ज़रूर ही तेरी उँगली पर कोई कील वगैरह गड़ गई होगी और तत्काल तूने सोचा होगा कि इसे कुत्ते के मत्थे मढ़कर कुछ हरजाना वगैरह ऐंठकर फ़ायदा उठा लिया जाए। मैं तेरे जैसे शैतान लोगों को अच्छी तरह समझता हूँ।"

(1) ओचुमेलॉव ने ख्यूक्रिन पर क्या आरोप लगाया ? इसका क्या कारण हो सकता है ?

(2) इंस्पेक्टर ओचुमेलॉव ने ख्यूक्रिन के प्रति क्या शक प्रकट किया और क्यों ?

(3) पहले वाक्य में 'यह' किसके लिए आया है ?

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (2+2+1)**

11a "सिर पर कफ़न बाँधना" मुहावरे का अर्थ पठित कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 2

11b दधीचि और कर्ण की प्रसिद्धि के कारण 'मनुष्यता' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए। 2

11c 'विश्व शलभ' दीपक के साथ क्यों जल जाना चाहता है? स्पष्ट कीजिए। 1

12 छाया भी कब छाया ढूँढ़ने लगती है? बिहारी कवि के अनुसार उस स्थिति को स्पष्ट कीजिए। 5

13 हेडमास्टर साहब को मास्टर प्रीतमचंद पर क्रोध क्यों आया था? क्या आपको हेडमास्टर साहब का व्यवहार उचित लगा ? 'सपनों के-से दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि आप अपने अध्यापकों को किस-रूप में याद करते हैं और उनसे क्या प्रेरणा ग्रहण करते हैं? 5

**खण्ड-घ ( लेखन )**

**दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।**

14 **हाय ! यह प्रदूषण** 5

- प्रदूषण के कारण
- प्रदूषण के दुष्परिणाम
- समाधान

**अथवा**

**मैं और मेरा मोबाइल** 5

- ढेरों सुविधाएँ
- स्वास्थ्य की हानि
- सही रूप में प्रयोग आवश्यक

**अथवा**

**विज्ञापनों के प्रति बढ़ता आकर्षण :** 5

- जानकारी का स्रोत
- आज की आवश्यकता
- युवाओं में आकर्षण

15 दिल्ली नगर निगम के सड़क निर्माण विभाग को पत्र लिखकर शिकायत कीजिए कि उनके कर्मचारी महीने भर पहले आपकी कॉलोनी में सड़क खोदकर चले गए और अब कोई सड़क बनाने के लिए नहीं आ रहा है। उनसे अनुरोध कीजिए कि इस समस्या का शीघ्र समाधान करवा दें। 5

16 आप विद्यालय की संस्था 'सुरभि' के अध्यक्ष, अशोक गुप्ता हैं। एक जनवरी को शाम 6 बजे संस्था की ओर से एक हास्य कवि-सम्मेलन का आयोजन किया गया है । विद्यालय के सभी छात्रों को भाग लेने हेतु लगभग 20-30 शब्दों में एक सूचना लिखिए। 5

17 सीता स्वयंवर के समय हुए लक्ष्मण परशुराम-संवाद को अपनी कल्पना से लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

18 आप अपना घर बेचना चाहते हैं, एक विज्ञापन अधिकाधिक 20-25 शब्दों में तैयार कीजिए। 5